# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Periodic Test 3(Round-2) (2025 – 2026)**

**Class XI** **MM: 20**

**Subject: Hindi** **Time: 1 :00 Hr**

---

सामान्य निर्देशः **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**प्र01 नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

सिनेमा जगत के अनेक नायक.नायिकाओं,गीतकारों, कहानीकारों और निर्देशकों को हिंदी के माध्यम से पहचान मिली है। यही कारण है कि गैर.हिंदी भाषी कलाकार भी हिंदी की ओर आए हैं। समय और समाज के उभरते सच को परदे पर पूरी अर्थवत्ता में धारण करने वाले ये लोग दिखावे के लिए भले ही अंग्रेज़ी के आग्रही हों लेकिन बुनियादी और ज़मीनी हकीकत यही है कि इनकी पूँजी इनकी प्रतिष्ठा का एकमात्र निमित्त हिंदी ही है।

लाखों करोड़ों दिलों की धड़कनों पर राज करने वाले ये सितारे हिंदी फ़िल्म और भाषा के सबसे बड़े प्रतिनिधि हैं। छोटा परदा ने आम जनता के घरों में अपना मुकाम बनाया तो लगा हिंदी आम भारतीय की जीवन.शैली बन गई। हमारे आद्यग्रंथों रामायण और महाभारत को जब हिंदी में प्रस्तुत किया गया तो सड़कों का कोलाहल सन्नाटे में बदल गया। बुनियाद और हम लोग से शुरू हुआ सोप ऑपेरा का दौर हो या सास.बहू धारावाहिकों का, ये सभी हिंदी की रचनात्मकता और उर्वरता के प्रमाण हैं। कौन बनेगा करोड़पति से करोड़पति चाहे जो बने हों, पर सदी के महानायक की हिंदी हर दिल की धड़कन और हर धड़कन की भाषा बन गई।

सुर और संगीत की प्रतियोगिताओं में कर्नाटक, गुजरात महाराष्ट्र, असम, सिक्किम जैसे गैर.हिंदी क्षेत्रों के कलाकारों ने हिंदी गीतों के माध्यम से पहचान बनाई। ज्ञान गंभीर डिस्कवरी चैनल हो या बच्चों को रिझाने.लुभाने वाला टॉम एंड जेरी । इनकी हिंदी उच्चारण की मिठास और गुणवत्ता अद्भुत प्रभावी और ग्राह्य है। धर्म.–संस्कृति, कला.–कौशल ज्ञान.–विज्ञान सभी कार्यक्रम हिंदी की संप्रेषणीयता के प्रमाण है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

(i) प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ? (1)

;क टी०वी० चैनल का इतिहास — ख हिंदी भाषा की गुणवत्ता एवं उपयोगिता

ग हिंदी भाषा बनाम अंग्रेजी भाषा — घ हिंदी धारावाहिक

(ii) निम्नलिखित में से किसकी हिंदी ने दर्शक वर्ग को सर्वाधिक प्रभावित किया ? (1)

;क रामायण की — ;ख सास.बहू धारावाहिक की

;ग सदी के महानायक की — घ डिस्कवरी चैनल की

(iii) 'निमित्त' शब्द का शब्दार्थ है ? (1)

क साधक — ;ख कारण

;ग कथन — घ निर्जन

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

(iv) हमारे आद्यग्रंथों रामायण और महाभारत को जब हिंदी में प्रस्तुत किया गया , तो इसका क्या प्रभाव देखने को मिला ? (2)

**प्र02 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

क आपके क्षेत्र को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क जगह–जगह से टूट गई है, जिससे आवागमन में घोर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में पी0डब्ल्यू0डी0 के मुख्य अभियंता को पत्र लिखिए।

**अथवा**

क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन पर पड़े कूड़े के ढेर को हटाकर पार्क विकसित करने के लिए जिला उद्यान अधिकारी को पत्र लिखिए। (5)

**प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

**क** गलती करने वाला तो है ही गुनहगार, पर उसे बर्दाश्त करने वाला कम गुनहगार नहीं होता – इस संवाद के संदर्भ में आप सबसे ज्यादा किसे और क्यों गुनहगार मानते हैं ?(3)

ख हेडमास्टर ने रजनी की शिकायत को बहुत हल्के ढंग से लेते हुए क्या उत्तर दिया ?(2)

**प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

क बस्तियों को शहर की किस आबो–हवा से बचाने की आवश्यकता है ? 'आओ मिलकर बचाएँ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (3)

ख 'भाषा में झारखंडीपन से क्या अभिप्राय है ? (2)

——000——